Total Pages : 8

H-7542

M.A. (Semester-IV) Examination, 2022

HINDI

(Chalchitra Lakhan)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 70

Minimum Passing Marks : 24

निर्देश : प्रश्न-पत्र चार खण्डों में विभक्त है। सभी चार खण्डों के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए। अंकों का विभाजन प्रत्येक खण्ड में दिया गया है।

खण्ड-अ

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं दस** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [10×1=10]

(i) _____ ने चलचित्र का आविष्कार किया।

(ii) सर्वप्रथम दादा साहेब फाल्के ने _____ नामक एक मूक फिल्म बनायी।

(iii) सन् 1913 में _____ नामक पहली बोलती फिल्म का निर्माण हुआ।

(iv) चलचित्र में _____ के द्वारा रोजगार और व्यापार को बढ़ावा मिलता है।

(v) फिल्म निर्माण _____ चरण के होते हैं।

(vi) पटकथा _____ प्रक्रिया है।

(vii) 'पर्दे के पीछे' स्तंभ _____ के द्वारा लिखा जाता है।

(viii) लेव ब्लादिमिरोविच कुलेशेव _____ के फिल्मकार थे।

(ix) सन् _____ में रूसी फिल्म उद्योग का राष्ट्रीयकरण किया गया।

(x) 1920 के दशक में _____ और _____ पौराणिक और ऐतिहासिक फिल्मों का बोलबाला था।

(xi) _____ भारत की पहली ध्वनि फिल्म थी।

(xii) आधुनिक भारतीय फिल्म उद्योग का जन्म _____ के आसपास हुआ।

खण्ड–ब

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

2. निम्नलिखित में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (शब्द सीमा 25-30 शब्द) [2×5=10]

(i) चलचित्र का अर्थ लिखिए।

(ii) सिनेमा का हिन्दी पर्याय लिखिए।

(iii) पुराने किसी एक निदेशक का नाम दीजिए।

(iv) पुरानी फिल्मों के किसी एक मुख्य अभिनेता का नाम लिखिए।

(v) पटकथा लेखन का आशय लिखिए।

(vi) फीचर फिल्म से आप क्या समझते हैं?

(vii) 'सिनेमा के सौ वर्ष' किसने लिखा है?

खण्ड-स

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

3. निम्नलिखित में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (शब्द सीमा 250 शब्द) [5×4=20]

(i) चलचित्र किसे कहते हैं?

(ii) चलचित्र के लाभ लिखिए।

(iii) शिक्षा के क्षेत्र में सिनेमा का क्या योगदान है?

(iv) वृत्तचित्र क्या है? स्पष्ट कीजिए।

(v) सिनेमा का उद्देश्य लिखिए।

(vi) विज्ञापन फिल्म से क्या आशय है?

(vii) हिन्दी की प्रमुख फिल्मों का आधार लिखिए।

खण्ड-द

(दीर्घोत्तरीय प्रश्न)

4. निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (शब्द सीमा 500 शब्द) [10×3=30]

(i) भारतीय सिनेमा के उद्‌भव और विकासक्रम को समझाइए।

(ii) हिन्दी पटकथा लेखन की विशेषताओं का निरूपण कीजिए।

(iii) वृत्तचित्र की निर्माण पद्धति का विश्लेषण कीजिए।

(iv) हिन्दी में निर्मित विज्ञापन फिल्मों का समाज में योगदान निर्धारित कीजिए।

(v) हिन्दी की प्रमुख फिल्मों के आधार पर भाषिक संरचना का व्यावहारिक पक्ष लिखिए।

----x----